अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हीरो मोटोकॉर्प हेड ऑफिस नई दिल्ली द्वारा 'डिफेंसिव राइडिंग ट्रेनिंग' कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में मिस्टर रवि शर्मा, सीनियर ऑफिसर सड़क सुरक्षा ने वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि रोड पर ड्राइविंग करते समय हमें क्या क्या सावधानियां बरतनी चाहिए जैसे दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बातें न करना, सुरक्षित ब्रेक लगाने का सही तरीका इत्यादि। उन्होंने गुड समरिटन कानून के बारे में भी विधार्थियों को अवगत कराया।उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए।

कार्यशाला इंचार्ज सुभाष कैलोरिया ने उन इच्छुक विधार्थियों को जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो व ड्राइविंग लाइसेंसधारी हों, कार्यशाला में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि रोड ऐक्सिडेंट होने पर घायल को निसंकोच हॉस्पिटल पहुंचाए। हमें किसी अनजान घायल की मदद करके मानवता का धर्म निभाना चाहिए।इसके उपरांत कॉलेज खेल ड्राइविंग से संबंधित सात सुरक्षा सूत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यशाला से 81 विधार्थी लाभान्वित हुए । इस अवसर पर डॉ. जयपाल सिंह, कॉर्डिनेटर यूथ रेडक्रॉस, डॉ. देवेंद्र व डॉ. पूजा सैनी मौजूद रहे।